2:14-26

“परमेश्वर के ग्रहणयोग्य बन”

अध्याय 2 के पहले भाग में, पौलुस ने तीन उपमाओं का उपयोग किया: योद्धा, अखाड़े में लड़ने वाला, और किसान। अध्याय के बाद के भाग में, उसने तीन और प्रस्तुत किए: काम करने वाला (2:15), पात्र (2:20-22), और प्रभु का दास (2:24-26)।

काम करने वाला - ग्रहण करने योग्य और अयोग्य (2:14-19)

एक ग्रहणयोग्य काम करने वाला (2:14, 15)

14इन बातों की सुधि उन्हें दिला और प्रभु के सामने चिता दे कि शब्दों पर तर्क-वितर्क न किया करें, जिनसे कुछ लाभ नहीं होता वरन् सुनने वाले बिगड़ जाते हैं। 15अपने आप को परमेश्वर का ग्रहणयोग्य और ऐसा काम करने वाला ठहराने का प्रयत्न कर, जो लज्जित होने न पाए, और जो सत्य के वचन को ठीक रीति से काम में लाता हो।

आयत 14. यह आयत “स्मरण कर/सुधि दिला” के विषय का गुंजन करती है जिस पर कुछ समय पहले टिप्पणी की गई थी (1:3-6; 2:8)। यह आरम्भ होती, **इन बातों की सुधि उन्हें दिला।** “सुधि दिला” ὑπομεμνῄσκω *(हुपमिमनेस्को)* से है, जो 1:5 में “सचेत” में अनुवादित शब्द से सम्बन्धित है। यहाँ वर्तमान काल का प्रयोग किया गया है, इसका अर्थ है “स्मरण दिलाता रहा” (देखें NIV)। “उन्हें” यूनानी शब्द में नहीं है परन्तु समझा जाता है। कुछ का मानना है कि “उन्हें” 2:2 के “विश्वासी मनुष्यों” को संदर्भित करता है। इन्हें निर्देशों में सम्मिलित किया गया होगा, परन्तु निश्चित रूप से एशिया में वे सभी जिन्होंने पौलुस (1:15) को त्याग दिया था, उन्हें इसी अनुस्मारक की आवश्यकता थी, जैसा हमें है। “ये बातें” शायद पौलुस द्वारा हाल ही में वर्णित “सच बातों” को संदर्भित करती हैं (2:11-13)।

पौलुस ने आगे कहा, **प्रभु के सामने चिता दे कि शब्दों पर तर्क-वितर्क न किया करें।** “चिता दे” (διαμαρτύρομαι, *दियामार्तुरोमाई)* पहले से ही दृढ़ है,[1] परन्तु वाक्यांश “प्रभु के सामने”[2] आज्ञा में वजन जोड़ता है। “शब्दों पर तर्क-वितर्क” λογομαχέω *(लोगोमकियो)* से है, जो “शब्दों के विषय में लड़ने”[3] का

विचार देने के लिए λόγος (*लोगोस,* "शब्द") और μάχομαι (*मखोमाई,* "लड़ाई, झगड़ा, विवाद") को जोड़ती है। वाल्टर बाऊर का लेक्सिकन *लोगोमकियो* को "शब्दों के विषय में विवाद, बाल की खाल निकालने के रूप में"[4] परिभाषित करता है। फिलिप्स की संक्षिप्त व्याख्या में "उनसे कह . . . कि वे शब्दों की लड़ाई न लड़ें।"

हमें इस आयत से निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए कि शब्द महत्वहीन हैं। पौलुस ने कहा कि हमें "खरी *बातों* को आदर्श बनाए रखना" है (1:13; बल दिया गया है)। "हमारे प्रभु ने अमरता और पुनरुत्थान के लिए एक शब्द पर निर्भर होने के लिए, क्रिया 'मैं हूँ,' और उसके काल के लिए तर्क दिया।"[5] यह शब्दों के माध्यम से है कि हम विचार व्यक्त करते हैं; आम तौर पर, हमारे शब्द जितना सटीक होते हैं, विचार उतना स्पष्ट बन जाता है। यह कोई संयोग नहीं है कि हमारे लिए परमेश्वर के प्रकाशन को "परमेश्वर का *वचन"* कहा जाता है (देखें 1 तीमु. 4:5; 2 तीमु. 2:9; तीतुस 2:5)।

पौलुस शब्दों के विषय में चिंतित होने या शब्दों के सटीक अर्थ पर चर्चा करने के विरोध में नहीं था। इसके बजाय, वह झूठे शिक्षकों के विचित्र सिद्धांतों पर समय नष्ट करने के विषय में बात कर रहा था - जिसे उसने इस अध्याय में "अशुद्ध बकवास" (2:16) और "मूर्खता और अविद्या के विवाद" (2:23), और अन्य स्थान पर "कहानियां और अनन्त वंशावलियां" (1 तीमु. 1:4) और "बूढ़ियों की सी कहानियाँ" (1 तीमुथियुस 4:7; KJV) कहा है। इन "मूर्खता के विवादों" पर समय नष्ट करना (तीतुस 3:9; CEB; CJB) उस समय को खर्च करना था जिसे वचन के प्रचार करने और शिक्षा देने में लाभदायक रूप से उपयोग किया जा सकता था।[6]

पौलुस ने संकेत किया कि शब्दों के विषय में *तर्क-वितर्क* **व्यर्थ** है। "व्यर्थ" में अनुवादित वाक्यांश (ἐπ᾽οὐδὲν χρήσιμον, *एप' उदेन क्रेसीमोन)* शाब्दिक "प्रत्येक वस्तु के लिए अनुपयोगी है।" इसके अलावा, तर्क-वितर्क **सुनने वालों को बिगाड़ देता है**। "बिगाड़ना" καταστροφή *(काटास्ट्रोफे)* का एक अनुवाद है। यह κατα (*काटा,* "नीचे") और στροφή (*स्ट्रोफे,* "एक मोड़") से मिलकर बना है। शब्द मूल रूप से सभी बातों को उलटने-पलटने का विचार प्रदान करता है।[7] भौतिक तौर पर यह ऐसे विनाश का चित्रण करता है जो इस प्रकार होता है मानो वहां पर कुछ नहीं था। आत्मिक तौर पर, यह एक "बौद्धिक स्तर पर बिगड़ने की सीमा तक व्याकुल होना है।"[8] तर्क और वितर्क ने कभी किसी का निर्माण नहीं किया है, परन्तु उन्होंने बहुतों का विनाश किया है। छोटे विवाद उन सभी को हतोत्साहित करते हैं जो उन्हें सुन रहे हो सकते हैं। यह दूसरों के लिए उनके हृदय में पूछने का कारण बन सकता है, "यदि ये जानकार व्यक्ति इस बात से सहमत नहीं हो सकते हैं कि इसका अर्थ क्या है, तो मैं कभी भी यह समझने की आशा कैसे कर सकता हूँ कि इसका क्या अर्थ है?"

इफिसुस में पौलुस की चिंता झूठे शिक्षक थे, परन्तु "शब्दों पर तर्क-वितर्क" पर कुछ सामान्य टिप्पणियाँ उपयोगी हो सकती हैं। सबसे पहले, यदि कोई हमारे

साथ "शब्द-युद्ध" करना चाहता है, तो हमें उसके स्तर तक स्वयं को नीचा करने से इनकार कर देना चाहिए (देखें नीति. 17:27; 26:4)। यहाँ तक कि जब हमें त्रुटि का उजागर करना आवश्यक लगे, तब भी "तर्क-वितर्क" ऐसा करने का तरीका नहीं है। 2:24, 25 में, हम "प्रभु के दास" की विशेषताओं को ध्यान में रखेंगे, जिसमें यह गुण सम्मिलित हैं: "प्रभु के दास को *झगड़ालू नहीं होना चाहिए,* पर वह सब के साथ *कोमल* और शिक्षा में निपुण और सहनशील हो" (बल दिया गया है)।

आयत 15. यह हमें नए नियम में सबसे अधिक प्रचलित आयतों में से एक पर लेकर आता है: **अपने आप को परमेश्वर का ग्रहणयोग्य और ऐसा काम करने वाला ठहराने का प्रयत्न कर, जो लज्जित होने न पाए, और जो सत्य के वचन को ठीक रीति से काम में लाता हो।** हममें से कुछ KJV अनुवाद से अधिक परिचित हैं: "अपने आप को परमेश्वर का ग्रहणयोग्य और ऐसा काम करने वाला ठहराने का प्रयत्न कर," "परिश्रम कर" और "अध्ययन कर" σπουδάζω *(स्पूदाज़ो)* के अनुवाद हैं, जिसका अर्थ है "कर्तव्य का निर्वहन करने में विशेष रूप से, उत्साही/उत्सुक होना, पीड़ा लेना, हर प्रयास करना।"[9] NIV में "अपना उत्तम कार्य कर" है। एक साधारण और अधूरे हृदय से प्रयास करना पर्याप्त नहीं होगा।

"अपना उत्तम कर," पौलुस कह रहा था, "अपने आप को परमेश्वर के ग्रहणयोग्य प्रस्तुत कर।" "ग्रहणयोग्य" का अनुवाद δόκιμος *(दोकिमोस)* से किया गया है, जिसका अर्थ "परखे जाने के हिसाब से वास्तविक . . . परखा हुआ और सत्य, वास्तविक होना है।"[10] हम जैसे ही स्वयं को परमेश्वर को "चढ़ाते" हैं, तो हमें उसकी स्वीकृति की आवश्यकता है क्योंकि किसी दिन हम उसके न्याय के सिंहासन के सामने स्वयं को प्रस्तुत करेंगे। उस दिन, उसकी स्वीकृति का मिलना या न मिलना हमारी अनन्त नियति तय करेगा।

हममें से प्रत्येक को "ग्रहणयोग्य और ऐसा काम करने वाला ठहराने का प्रयत्न कर, जो लज्जित होने न पाए, और जो सत्य के वचन को ठीक रीति से काम में लाता हो" के समान ग्रहण किए जाने की आवश्यकता है। "जो लज्जित न होने पाए" एक यूनानी शब्द (ἀνεπαίσχυντος, *अनेपाईस्कुंतोस)* जो "लज्जित" के लिए शब्द को (देखें 1:8, 12, 16) एक α *(ए)* से खंडित करता है। हमें यह नहीं बताया गया है कि, किस प्रकार के "काम करने वाले" का चित्रण करना है। "काम करने वाला" (ἐργάτης, *एर्गतेस)* का सामान्य अर्थ "वह व्यक्ति है जो कम करता है"; यह "काम" (ἔργον, *एरगोन)*[11] के लिए शब्द से सम्बन्धित है। 1 तीमुथियुस 5:18 में *एर्गतेस* का अनुवाद "मजदूर" है। हमें "ठीक रीति से काम में लाता हो" वाक्यांश में काम के प्रकार के विषय में एक सुराग दिया जा सकता है। यह ὀρθοτομέω *(ऑर्थोतोमेओ)* का अनुवाद है; यह एक संयोजन है ὀρθός (*ऑर्थो,* "सीधा") और τέμνω (*तेम्नो,* "काटना")।[12] KJV इस अवधारणा को *"सत्य के वचन को ठीक रीति से काम में लाता हो"* (बल दिया गया है) में अनुवाद करने का प्रयास करती है।

"सीधे काटने" के वाक्यांश की पृष्ठभूमि के आधार पर कई अनुमान प्रस्तावित

किए गए हैं। सबसे लोकप्रिय अनुमान यह है कि पौलुस सड़क-निर्माता के बारे में सोच रहा था कि वह सड़क को सीधे और सही बनाने का प्रयास कर रहा है। पवित्रशास्त्र में एकमात्र अन्य स्थान जहाँ यूनानी शब्द मिलता है, वह सेप्टुजिंट (यूनानी पुराना नियम), नीतिवचन 3:6 और 11:5 में है, जहाँ यह "सड़क" या "मार्ग" (ὁδός, *होडोस*) के शब्द के संदर्भ में दिखाई देता है। बाऊर के लेक्सिकन के पास इन अनुच्छेदों के विषय में यह कहने के लिए है:

> *[ऑर्थोतोमेओ]* का साधारण तौर पर अर्थ है "सीधी दिशा में एक मार्ग को निकालना" या "देश भर में (जो कि जंगलों से भरी है और अन्यथा वहाँ से गुजरना कठिन है) एक सीधी दिशा में मार्ग निकालना", ताकि यात्री अपनी गंतव्य स्थान तक सीधा जा सके।

यह निष्कर्ष निकालता है कि, 2:15 में, "सत्य के वचन को ठीक रीति से काम में लाता है" सम्भवतः *"एक सीधे मार्ग पर सत्य के वचन का मार्गदर्शन करना है* (जिस प्रकार एक सड़क उसके लक्ष्य तक पहुँचती है), शब्दों की बहस और अपवित्र बातों के द्वारा मुड़े बिना।"[13]

अन्य सुझाव भी प्रस्तुत किए गए हैं। चूंकि *एर्गतेस* ("काम करने वाले" या "मजदूर") का प्रयोग प्रायः खेत में काम करने वाले (देखें लूका 10:2) के लिए किया जाता था, दूसरा सबसे लोकप्रिय अनुमान यह है कि चित्रण एक किसान का है जो सीधे-सीधे हल जोत रहा है। कई अन्य अनुमान लगाए गए हैं:

- बलिदान को काटने के लिए याजक का सावधानी बरतना ताकि बलिदान यहोवा को प्रसन्न कर सके।
- एक राजमिस्त्री अपने पत्थरों को ठीक तरीके से काटता हुआ ताकि वे एक साथ सटीक बैठें (देखें इफि. 2:20-22).
- भोजन के लिए एक पिता मांस को काटता हुआ और प्रत्येक को उस अनुपात में रखता हुआ जिसकी उसे आवश्यकता है (देखें 1 कुरि. 3:1, 2).
- पौलुस तम्बू बनाने के लिए कपड़े या चमड़े के टुकड़ों को काटता हुआ (प्रेरितों के काम 18:3).

कुछ विद्वानों का कहना है कि हम व्युत्पत्ति विज्ञान को अनदेखा करते हैं और "किसी वस्तु से ठीक रीति से व्यवहार करने" की अवधारणा पर ध्यान केंद्रित करते हैं।[14]

हालाँकि शब्दावली का अर्थ है, चित्रण एक ऐसे काम करने वाले का है जिसके पास अपने तैयार उत्पाद से लज्जित होने का कोई कारण नहीं है क्योंकि उसने "सटीकता" और कुशलता से अपने उपकरण को संभाला है। अवधारणा को व्यक्त करने वाली एक आधुनिक अभिव्यक्ति "कारीगरी का गौरव" है (एक अच्छे भाव में "गर्व" का उपयोग करके)। इस उदाहरण में यह उपकरण "सत्य का वचन" है। पौलुस ने इस वाक्यांश को और कहीं दो बार उपयोग किया है (इफि. 1:13;[15] कुलु. 1:5), और दोनों मामलों में यह सुसमाचार को संदर्भित करता है।

एक उपकरण का ठीक रीति से प्रयोग करने के लिए, हमें उसके साथ अभ्यास करना चाहिए; हमें उसका *उपयोग* करना चाहिए। यही वचन के साथ भी है। हम इसे दूसरों के मार्गदर्शन के लिए काम में ला सकते हैं, परन्तु विशेष रूप से हमें इसे अपने जीवन में उपयोग करने की आवश्यकता है। निश्चित रूप से, हम में से कोई भी ऐसे कम करने वाला बनना नहीं चाहेगा जिसे लज्जित होना चाहिए:

> लज्जित क्योंकि हम बाइबल को नहीं जानते: "इस कारण निर्बुद्धि न हो, पर ध्यान से समझो कि प्रभु की इच्छा क्या है" (इफि. 5:17)।
>
> लज्जित क्योंकि हम तब उत्तर नहीं दे सकते जब हमारे विश्वास और अभ्यास को चुनौती मिलती है: "पर मसीह को प्रभु जानकर अपने-अपने मन में पवित्र समझो। जो कोई तुम से तुम्हारी आशा के विषय में कुछ पूछे, उसे उत्तर देने के लिये सर्वदा तैयार रहो, पर नम्रता और भय के साथ" (1 पतरस 3:15)।
>
> लज्जित क्योंकि हमारी जीवन शैलियाँ लोगों को प्रभु के पास लाने की बजाय उससे दूर भगा देती है: "उसी प्रकार तुम्हारा उजियाला मनुष्यों के सामने ऐसा चमके कि वे तुम्हारे भले कामों को देखकर तुम्हारे पिता की, जो स्वर्ग में है, बड़ाई करें" (मत्ती 5:16).

हम जैसे-जैसे वचन के हमारे उपयोग में बढ़ते हैं, हम *परमेश्वर के ग्रहणयोग्य* काम करने वाले बन जाएँगे। इस बात से अधिक कोई बात उत्साही नहीं होगी कि न्याय के दिन हम हमारे प्रभु को कहता हुआ सुनें, "धन्य, हे अच्छे और विश्वासयोग्य दास, तू थोड़े में विश्वासयोग्य रहा; मैं तुझे बहुत वस्तुओं का अधिकारी बनाऊँगा। अपने स्वामी के आनन्द में सहभागी हो" (मत्ती 25:23, ESV)!

अयोग्य कारीगर (2:16-18)

[16]पर अशुद्ध बकवाद से बचा रह, क्योंकि ऐसे लोग और भी अभक्ति में बढ़ते जाएँगे, [17]और उनका वचन सड़े घाव की तरह फैलता जाएगा। हुमिनयुस और फिलेतुस उन्हीं में से हैं, [18]जो यह कहकर कि पुनरुत्थान हो चुका है सत्य से भटक गए हैं, और कितनों के विश्वास को उलट पुलट कर देते हैं।

आयत 16. पौलुस ने आयत 14 की चेतावनी दोबारा शुरू कर दी और अस्वीकार किए गए कारीगरों के दो उदाहरण देते हुए उसे उसके निष्कर्ष पर लाया। इस आयत की शुरुवात विपरीत संयोजक "परन्तु" (δέ, *डे*) के साथ होता है: **पर**[16] **अशुद्ध बकवाद से बचा रह।** यही वह सलाह है जिसे पौलुस ने तीमुथियुस को अपने पिछले पत्री में दिया था (1 तीमु. 6:20)। कभी-कभी हमें त्रुटि का सामना करना पड़ता है, परन्तु दूसरी बार इसे टालना बुद्धिमानी है।

"चुप रहने का समय, और बोलने का समय" है (सभो. 3:7)। जब हम आश्वस्त नहीं होते हैं कि क्या करना है, तो हमें परमेश्वर से बुद्धि माँगनी चाहिए (याकूब 1:5)। जो बात यहाँ पर कही गई है उसी बात को 2:14 में बताया गया है। हमें व्यर्थ बातों पर समय बर्बाद न करने और झूठे शिक्षकों को उनकी गलती का प्रसार करने का अवसर न देने पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

"अशुद्ध बकवाद से बचा रह," पौलुस ने कहा, **क्योंकि ऐसे लोग और भी अभक्ति में बढ़ते जाएँगे।**[17] झूठी शिक्षा स्वयं में एक अभक्ति है, और यह अनिवार्य रूप से अभक्तिपूर्ण मान्यताओं और अभक्तिपूर्ण जीवन की ओर ले जाती है।

"बढ़ते जाना" προκόπτω *(प्रोकोप्टो)* से आता है, जो "उन्नति प्राप्त करने के लिये एक पसंदीदा [यूनानी] शब्द है।"[18] यह πρό (*प्रो,* "आगे") और κόπτω (*कोप्टो,* "काटना") से मिलकर बना है और इसका अर्थ है किसी के लिये मार्ग प्रशस्त करना जैसे कि पेड़ों और झाड़ियों को काटना ताकि कोई जल्दी से आगे बढ़ सके।[19] पौलुस ने इस शब्द का प्रयोग कठोरता के रूप में किया है: अशुद्ध बकवाद गलत दिशा में "ले जा" रही थीं![20]

आयत 17. पौलुस ने अपने ध्यान को अशुद्ध बकवाद से हटाकर अशुद्ध बकवादी - झूठे शिक्षकों की ओर लगाया। उसने चेतावनी दी, **उनका वचन सड़े घाव की तरह फैलता जाएगा। सड़े घाव** "गैंग्रीन" यूनानी शब्द γάγγραινα *(गंगराइना)* का एक लिप्यंतरण है; "कैंसर" के समान एक विचार है।[21] अनुवाद किए गए शब्द "फैलना" (νομή, *नोमे)* का प्रयोग चरागाह में बढ़ते हुए भेड़ों के लिये किया जाता था जिस प्रकार वे शीघ्रता से घास खाया करते थे।[22] एक शब्दकोश *गंगराइना* को "'खाने में विनाशक,' भ्रष्टाचार फैलाने और आत्म क्षति [मृत्यु] उत्पन्न करनेवाले के रूप में परिभाषित करता है।"[23] एक अन्य अनुवाद में इसे "उनकी शिक्षा [निगल जाएगी; इसे] कैंसर की तरह खा जाएगी या गैंग्रीन के समान फैल जाएगी।" त्रुटि सिर्फ "वस्तुओं को देखने का एक अलग तरीका नहीं है।" यह एक घातक बीमारी है जिस पर यदि ध्यान न दिया जाए तो आत्मिक मृत्यु के साथ अन्त हो जाता है।

पौलुस ऐसे शिक्षकों के दो उदाहरण देने को तैयार था जो उसके मन में था: **हुमिनयुस और फिलेतुस उन्हीं में से हैं।** "हुमिनयुस" एक आम नाम नहीं है, इसलिये सम्भवतः यह वही मनुष्य था जिसका उल्लेख पौलुस ने 1 तीमुथियुस 1:20 में किया था। उसने "[उस मनुष्य को] शैतान को सौंप दिया" था "कि वह परमेश्वर की निन्दा करना न सीख सके।" स्पष्ट है, कलीसिया अनुशासन ने हुमिनयुस की झूठी शिक्षा को रोकने के लिये प्रबन्ध किया था क्योंकि वह अपनी शिक्षाओं को कैंसर के समान लगातर फैलाते जा रहा था। हुमिनयुस के साथ फिलेतुस का नाम भी आया था। पवित्र शास्त्र में उसका उल्लेख एक ही बार किया गया है। हम उसके बारे में और कुछ नहीं जानते।

आयत 18. ये वे पुरुष थे **जो सत्य से भटक गए** [थे]। "भटक जाना" (ἀστοχέω, *असटोचेओ)* "निशाने से चूक जाना" है।[24] "निशाने" (लक्ष्य) "सत्य"

था, परन्तु वे उस निशाने से "चूक गए" थे।

तीमुथियुस और तीतुस को लिखी अपनी पत्रियों में पौलुस ने विशिष्ट त्रुटियों को सिखाए जाने के बारे में विस्तार से बताने के लिये कुछ समय व्यतीत किया; परन्तु अब उसने उसकी पहचान कर ली थी: वे ऐसे लोग थे **जो यह** कहते थे[25] **कि पुनरुत्थान हो चुका है**।

अधिकांश झूठी शिक्षाओं की तरह, इसमें सच्चाई का एक तत्व था। यीशु का पुनरुत्थान बीत चुका था, और मसीहियों का आत्मिक पुनरुत्थान हो चुका था जब उन्होंने बपतिस्मा लिया (रोमियों 6:3-6)। झूठे शिक्षक जिस बात का इनकार कर रहे थे वह मसीह के आगमन पर उसका शारीरिक पुनरुत्थान था (यूहन्ना 5:28, 29)। इस झूठी शिक्षा का स्रोत शायद यूनानी दार्शनिकों से आया था। सामान्य रूप से, ये लोग अमरत्व में विश्वास करते थे परन्तु शारीरिक पुनरुत्थान में नहीं। उन्होंने सिखाया कि शरीर सहित सभी भौतिक वस्तुएँ बुरी थीं। शरीर के पुनरुत्थान का विचार उनके लिये घृणित हो सकता था।

कुछ लोगों के लिये, यह सिखाना कि पुनरुत्थान हो चुका है, पूरी तरह से गम्भीर नहीं हो सकता है; परन्तु, जहाँ तक पौलुस का सम्बन्ध था, यह सुसमाचार के केन्द्र पर प्रभाव डाल चुका था और अमरत्व की आशा को नष्ट कर चुका था। कुछ साल पहले कुरिन्थ में कुछ इसी तरह सिखाया गया था,[26] और यह पौलुस को डराता था:

> यदि मरे हुओं का पुनरुत्थान है ही नहीं, तो मसीह भी नहीं जी उठा; और यदि मसीह नहीं जी उठा, तो हमारा प्रचार करना भी व्यर्थ है, और तुम्हारा विश्वास भी व्यर्थ है। और यदि मसीह नहीं जी उठा, तो तुम्हारा विश्वास व्यर्थ है, और तुम अब तक अपने पापों में फँसे हो (1 कुरि. 15:13, 14, 17)।

यह शिक्षा कितनी निन्दनीय थी, यह यूनानी दर्शन से प्रभावित अन्यजाति लोगों के बीच एक तैयार श्रोताओं को मिली होगी। जब पौलुस ने एथेंस में अपने उपदेश में "मरे हुओं के पुनरुत्थान" का उल्लेख किया, तो उसके कुछ सुननेवाले "ठट्ठा करने लगे" (प्रेरितों 17:32)। यह सदूकी लोगों की मान्यताओं से पूर्वाग्रहित किसी भी यहूदी के बीच एक ग्रहण करने वाले दर्शकों में भी पाया जाता रहा होगा, जिन्होंने सिखाया कि "कोई पुनरुत्थान नहीं है" (मत्ती 22:23)।

पौलुस ने कहा कि झूठे शिक्षकों ने **कुछ लोगों के विश्वास को उलट पुलट** कर दिया था। शब्द (ἀνατρέπω, *अनातरेपो)* का अनुवाद "उलट पुलट कर देना" किया गया है, जिसमें ἀνά (*अना,* "ऊपर") और τρέπω (*ट्रेपो,* "पलटना") शामिल है, जिसका का अर्थ है "उलट पुलट देना" या "उथल-पुथल मचाना।"[27] रूपक देते हुए, यह "किसी व्यक्ति के आन्तरिक कल्याण को खतरे में डालने का सुझाव देता है।"[28] यह झूठी शिक्षा सुननेवालों पर अनैतिकता का प्रभाव डालती थी, क्योंकि यह यीशु पर विश्वास करनेवालों के हृदय पर वार करती थी। बदले में, यह उनके जीवन को प्रभावित करती थी। जब विश्वास दुःख सहता है, तो नैतिकता दुःख सहती है।

धन्य है, पौलुस ने ध्यान दिया कि झूठे शिक्षकों ने "*कुछ लोगों* के विश्वास को उलट पुलट कर दिया था," *"बहुतों के"* नहीं - परन्तु "कुछ लोगों" की गिनती में भी बहुत लोग हैं। हर आत्मा परमेश्वर की दृष्टि में बहुमूल्य है।

अन्तर कैसे बताएँ (2:19)

[19]तौभी परमेश्वर की पक्की नींव बनी रहती है, और उस पर यह छाप लगी है: "प्रभु अपनों को पहचानता है," और "जो कोई प्रभु का नाम लेता है, वह अधर्म से बचा रहे।"

आयत 19. यह आयत प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं के साथ शुरू होती है, **तौभी** यूनानी संयोजक μέντοι *(मेनतोई)* से,[29] इस आयत में पाई जाने वाली विपरीतता की निश्चितता पर बल देते हैं: लोग अस्थिर हैं, परन्तु परमेश्वर नहीं है। कुछ ऐसा था जो अडिग था जिसका अनुमान तीमुथियुस लगा सकता था (और हम भी लगा सकते हैं)। एक इमारत के रूपक का उपयोग करते हुए, पौलुस ने लिखा, **परमेश्वर की पक्की नींव बनी रहती है।**

"नींव" θεμέλιος *(थेमेलिओस)* से आता है। जिसका शाब्दिक उपयोग किया जाता है, कि *थेमेलिओस* "संरचना के लिये सहायक आधार" है। रूपक के रूप से प्रयोग किया गया है, यह "[कुछ] बातों के होने का या घटने का आधार होता है।"[30] नए नियम में नींव की कल्पना का उपयोग कई तरीकों से किया जाता है। उदाहरण के रूप में, पौलुस ने कहा था कि "उस नींव को छोड़ जो पड़ी है, और वह यीशु मसीह है, कोई दूसरी नींव नहीं डाल सकता" (1 कुरि. 3:11)। एक और स्थान पर, उसने कहा कि, मसीहियों के रूप में, हमारा जीवन "प्रेरितों और भविष्यद्वक्ताओं की नींव पर,[31] जिसके कोने का पत्थर मसीह यीशु स्वयं ही है, बनाए गए हो" (इफि. 2:20)। 1 तीमुथियुस 3:15 में, पौलुस ने कलीसिया को "सत्य का खंभा और नींव है," बताया। "नींव" के बदले, इसे एक अन्य अनुवाद में "आधार" भी कहा गया है।[32]

इस आयत में, हम "नींव" के बारे में सोच सकते हैं क्योंकि परमेश्वर ने हमारे जीवन में उद्धार लाने के लिये यह सब कुछ किया है, जिसमें यीशु को हमारे लिये मरने के लिये भेजा जाना, कलीसिया स्थापित करना और हमें बाइबल देने जैसी बातें शामिल हैं। यह हम सभी का जो विश्वास करते हैं, हम सब जो करते हैं, और हम सब जो हैं उसकी नींव/आधार है।

पौलुस ने अपने कथन में पूर्ण काल (ἕστηκεν, *हेस्टेकेन)* का उपयोग किया है, जिसका अनुवाद वर्तमान काल के रूप में किया गया है: "परमेश्वर की पक्की नींव *बनी रहती है*" पूर्ण काल इंगित करता है कि यह भूतकाल में *बनी हुई थी,* जो वर्तमान में *भी बनी रहती है,* और भविष्य में भी बनी रहेगी। समय परमेश्वर की योजनाओं और उद्देश्यों को नष्ट नहीं कर सकता। समय परमेश्वर के वचन को नष्ट नहीं कर सकता। समय परमेश्वर की कलीसिया को नष्ट नहीं कर सकता। हमें

कभी सन्देह नहीं करना चाहिए: परमेश्वर द्वारा डाली गई नींव चट्टान की तरह मजबूत होती है।

इस नींव में एक **छाप लगी** है (σφραγίς, *स्फागिस;* 2:19)। एक छाप तीन उद्देश्यों की पूर्ति करती थी: यह स्वामित्व सत्यापित करती, वास्तविकता का आश्वासन देती, और छाप लगी वस्तु की सामग्री को संरक्षित करती थी।[33] यहाँ पर अवधारणाएँ स्वामित्व और प्रमाणिकता के प्रमाण हैं। *स्फागिस* साधारणतः एक दस्तावेज़ पर मोम में एक मुहर वाली अंगूठी दबाने के संदर्भ में प्रयोग किया जाता था; परन्तु क्योंकि छाप एक इमारत का है, इसलिये हमें शिलालेख के बारे में सोचना चाहिए।[34] उस समय संरचनाओं के लिये कुछ व्यक्तियों का सम्मान करने के लिये शिलालेखों का होना एक सामान्य बात थी। आज भी, कई इमारतों पर धातु के सजे हुए टुकड़े होते हैं जो जानकारी प्रदान करते हैं: भवन का निर्माण किसने करवाया था, किसे कब बनाया गया था, इत्यादि।

परमेश्वर की पक्की नींव में एक दोहरा शिलालेख है। हम इसके बारे में सोच सकते हैं कि मानो वे दो आधारभूत सत्य हैं। पहला यह है: **"प्रभु अपनों को पहचानता है** [γινώσκω, *गिनोस्को]* **जो उसके हैं।"** यह परमेश्वर की ओर से है, गुप्त और अदृश्य पक्ष, यह जानने के लिये कि परमेश्वर की ओर से किसे स्वीकृति मिली है। पूरे पवित्रशास्त्र में, यह ज़ोर दिया जाता है कि वह "अपनों को पहचानता है जो उसके हैं।"[35] यदि आप एक मसीही हैं, तो आप "दाम देकर मोल लिए गए" (1 कुरि. 6:20) हैं; आप उसके हैं, और वह पहचानता है कि आप कौन हैं।

केवल परमेश्वर ही निश्चित रूप से उन्हें पहचानता है जो उसके हैं। हमें परमेश्वर के वचन को सिखाने की ज़रूरत है, और हमें इसका पालन करने के लिये सभी को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है; परन्तु हमें यह समझना चाहिए कि हम अन्तिम निर्णय नहीं ले सकते हैं कि कौन परमेश्वर का है। वह न्यायी अर्थात् निर्णय लेनेवाला है।

फिर, इसलिये, परमेश्वर की स्वीकृति किसे मिली है यह जानने के लिये मनुष्य की ओर से पक्ष, सार्वजनिक और दृश्यमान पक्ष होता है। दूसरा आधारभूत सत्य यह है: "**जो कोई प्रभु का नाम लेता है,**[36] **वह अधर्म से बचा रहे।"** कई तरीके हैं जिनसे हम "प्रभु का नाम ले" सकते हैं। हम उसका नाम लेते हैं जब हम स्वीकार करते हैं कि "यीशु प्रभु है" (रोमियों 10:9; NIV)। जब हम बपतिस्मा लेते हैं तो हम उसका नाम लेते हैं (मत्ती 28:19; प्रेरितों 8:37)। जब हम प्रार्थना करते हैं तो हम उसका नाम लेते हैं (1 कुरि. 1:2; इफि. 5:20)। हम उसके नाम का प्रयोग करते हैं जब हम स्वयं को "मसीही" कहते हैं, जो मसीह के हैं (प्रेरितों 11:26)। ये सभी उपयोग परमेश्वर के साथ एक सम्बन्धों को दर्शाते हैं।

यदि हम इस तरह के रिश्ते का दावा करते हैं, तो हम "अधर्म से बचे[37] रहते हैं।" पतरस ने लिखा,

> "जो कोई जीवन की इच्छा रखता है, और अच्छे दिन देखना चाहता है, वह

> अपनी जीभ को बुराई से, और अपने होंठों को छल की बातें करने से रोके रहे। वह बुराई का साथ छोड़े, और भलाई ही करे; वह मेल मिलाप को ढूँढ़े, और उसके यत्न में रहे। क्योंकि प्रभु की आँखें धर्मियों पर लगी रहती हैं, और उसके कान उनकी विनती की ओर लगे रहते हैं; परन्तु प्रभु बुराई करनेवालों के विमुख रहता है" (1 पतरस 3:10-12; देखें भजन संहिता 34:12,14,15).

परमेश्वर की स्वीकृति किसे मिली है यह जानने के लिये इसे "मनुष्य की ओर से पक्ष" कहा जा सकता है क्योंकि यह ऐसा कुछ है जिसे हम देख सकते हैं। संदर्भ में, पौलुस के मन में झूठे शिक्षक थे। हम उनके मन को नहीं देख सकते, परन्तु हम उनके जीवन देख सकते हैं। हम देख सकते हैं कि वे सत्य की शिक्षा दे रहे हैं या नहीं। हम देख सकते हैं कि वे परमेश्वर के भय में जीवन को बिता रहे हैं या नहीं। यीशु ने कहा कि हम झूठे भविष्यद्वक्ताओं को "उनके फल से" जान सकते हैं (देखें मत्ती 7:20; 12:33)।

कई लेखकों का मानना है कि पौलुस, जब प्रभु अपनों को पहचानता है जो उसके हैं (2:19) को संदर्भित कर रहा था, तब यूनानी पुराना नियम (सेप्टुआजिंट) में गिनती 16 की ओर इशारा कर रहा था। यह आयत कोरह के विद्रोह के बारे में बताती है। एक समूह के रूप में, कोरह और कई अन्य लोगों ने मूसा और हारून का विरोध किया और उनसे कहा, "सारी मण्डली का एक एक मनुष्य पवित्र है, और यहोवा उनके मध्य में रहता है; इसलिये तुम यहोवा की मण्डली में ऊँचे पदवाले क्यों बन बैठे हो?" (गिनती 16:3)। मूसा ने कहा, "सबेरे यहोवा दिखला देगा कि उसका कौन है" (गिनती 16:5). फिर, शक्ति के एक महान प्रदर्शन में, परमेश्वर ने मूसा और हारून के नेतृत्व की पुष्टि की।[38] तब मूसा ने लोगों को आज्ञा दी, "तुम उन दुष्ट मनुष्यों के डेरों के पास से हट जाओ . . . कहीं ऐसा न हो कि तुम भी उनके सब पापों में फँसकर मिट जाओ।" (गिनती 16:26). विलियम हैंड्रिक्सन ने यह आवेदन किया:

> जिस प्रकार कोरह का विरोध, इत्यादि, जिन्होंने विरोध किया और जो उनके पीछे चले उनका अन्त भयंकर दण्ड के साथ हुआ, उसी प्रकार हुमिनयुस और फिलेतुस के वर्तमान विद्रोह का अन्त भी भयंकर विनाश होगा जब तक वे अपने और अपने चेलों के लिये पश्चाताप नहीं करते।[39]

अन्य प्रासंगिक अनुच्छेद भी पौलुस के मन में आ सकते हैं (जैसे कि यशा. 52:11)। जबकि, आर. सी. एच. लेंसकी ने सुझाव दिया कि "यह मानना सबसे अच्छा है कि पौलुस के दोनों कथन [आयत 19 में] उसके अपने सोचने के तरीके हैं"[40] (जो आत्मा से प्रेरित होते हैं)।

आदर के बरतन (2:20-22)

दो प्रकार के बरतन (2:20)

[20]बड़े घर में न केवल सोने-चाँदी ही के, पर काठ और मिट्टी के बरतन भी होते हैं; कोई-कोई आदर, और कोई-कोई अनादर के लिये।

आयत 20. पौलुस ने कहा, **बड़े घर में न केवल सोने-चाँदी ही के, पर काठ और मिट्टी के बरतन भी होते हैं; कोई-कोई आदर, और कोई-कोई अनादर के लिये।** "बरतन" σκεῦος *(स्केउओस)* से आता है, जो "किसी भी प्रकार का पात्र" हो सकता है।[41] इस शब्द में थाली, कटोरे, प्याले, मटके और तवा, घड़े, फूलदान, और इन्हीं के समान वस्तुओं को शामिल किया जा सकता है। पौलुस के दृष्टान्त में, कुछ "सोने और चाँदी" जैसी *बहुमूल्य धातुओं* से बने होते हैं। उसने एक "बड़ा घर" का वर्णन किया - शायद एक सुन्दर हवेली या महल - क्योंकि यह असम्भव होगा कि एक साधारण आवास में सोने और चाँदी के पात्र होंगे। हम लंदन के टॉवर पर मुकुट के गहनों के साथ प्रदर्शित अमूल्य मेज पर रखे जानेवाले बरतनों और पात्रों की कल्पना कर सकते हैं। चित्रण में, अन्य बरतन "लकड़ी" और "मिट्टी" (पकाई गई मिट्टी) जैसी *सामान्य सामग्रियों* से बने होते हैं। आज, साधारण सामग्रियों की श्रेणी में लोहा, टिन, एल्यूमीनियम, प्लास्टिक और कागज से बने बरतन शामिल होते हैं। पौलुस आगे यह बताने लगा कि **कोई-कोई** बरतन **आदर** (τιμή, *टीमे)* **के लिये** और **कोई-कोई अनादर** (ἀτιμία, *अतिमिया)* **के लिये** (2:20) होते हैं।

इस आयत से कई बातें लागू की गईं हैं, जिनमें से अधिकांश बाइबल की सच्चाई व्यक्त करती हैं, परन्तु यह आवश्यक नहीं है कि उस सच्चाई को जो पौलुस के मन में थी। उदाहरण के लिये, यह सुझाव दिया गया है कि आयत सिखाती है कि कलीसिया में विभिन्न प्रकार के प्रतिभा वाले कई प्रकार के लोग पाए जाते हैं। कुछ अधिक प्रभावशाली कार्य (सोने और चाँदी) करते हैं, जबकि अन्य लोगों (सांसारिक के दृष्टिकोण से) में कम प्रभावशाली उद्देश्य (लकड़ी और मिट्टी) होते हैं। यद्यपि यह सच है, जिसमें व्याख्या के लिये "अनादर" की आवश्यकता होती है जिसका अर्थ सामान्य रूप से जितना किया जाना चाहिए उससे कम कुछ होता है।

हमें संदर्भ के दृष्टिकोण को खोना नहीं चाहिए। पौलुस सिर्फ झूठे शिक्षकों जैसे हुमिनयुस और फिलेतुस (2:16-18) की चर्चा कर रहा था। आयत 20 के पहले भाग में यह ध्यान दिया गया है कि परमेश्वर के राज्य में सभी प्रकार के लोग हैं (देखें मत्ती 13:24-30, 36-43, 47, 48), जबकि आयत का अन्तिम भाग इंगित करता है कि *कोई-कोई आदर के योग्य हैं* (जैसे तीमुथियुस और "विश्वासयोग्य पुरुष") जबकि *कोई-कोई अनादर के योग्य हैं* (जैसे हुमिनयुस और फिलेतुस)।[42] यह एक दुःख की बात है परन्तु सच है कि हर कोई जो मसीही होने का दावा

करता है वह एक अच्छा व्यक्ति नहीं है। और जैसा कि यीशु के पास यहूदा था। नए मसीहियों और युवा प्रचारकों द्वारा सामना की जाने वाली सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक यह तथ्य स्वीकार करना है कि कलीसिया में हर कोई वैसा नहीं होता जैसा उसे होना चाहिए।

शुद्ध होने पर आदर का बरतन ठहरना (2:21, 22)

[21]यदि कोई अपने आप को इनसे शुद्ध करेगा, तो वह आदर का बरतन और पवित्र ठहरेगा; और स्वामी के काम आएगा, और हर भले काम के लिये तैयार होगा। [22]जवानी की अभिलाषाओं से भाग, और जो शुद्ध मन से प्रभु का नाम लेते हैं उनके साथ धर्म, और विश्वास, और प्रेम, और मेलमिलाप का पीछा कर।

आयत 21. पौलुस ने बरतन की संरचना पर जोर देने का इरादा नहीं किया है, जो आयत 21 और 22 में स्पष्ट है। इस बात पर बल नहीं दिया गया है कि बरतन बहुमूल्य धातुओं का या अधिक आम सामग्रियों से बना है, बल्कि इस पर कि बरतन *शुद्ध* है या नहीं: पौलुस ने कहा, **यदि** [क्योंकि कोई-कोई आदर के, और कोई-कोई अनादर के योग्य होते हैं]**, कोई अपने आप को इनसे शुद्ध करेगा, तो वह आदर का बरतन और पवित्र ठहरेगा।**

"कोई" हमें यह बताता है कि, यद्यपि प्रचारकों के लिये निर्देश आवश्यक हैं, परन्तु अनुच्छेद सभी पर लागू होता है। "शुद्ध करता है" (ἐκκαθαίρω, *एक्कथाइरो)* "शुद्ध करना" के लिये एक शब्द (καθαίρω, *कथाइरो)* से है जिसमें ἐκ (*एक,* "में से") उसे मजबूती प्रदान करता है। विचार "शुद्ध करना" है, "पूरी तरह से शुद्ध करना।"[43] "ये बातें," सामूहिक रूप से, जो अनादर के योग्य है, को संदर्भित करता है।[44] शुद्ध करने में मानव और ईश्वरीय गतिविधि दोनों शामिल हैं। तीमुथियुस किसी भी और सभी वस्तुओं के जो अनादर के योग्य थे से छुटकारा पाने के लिये अपना पूरा प्रयत्न कर रहा था; परन्तु, अन्त में, उसे यीशु के लहू पर भरोसा करना पड़ा जो "हमें सब पापों से शुद्ध करता है" (1 यूहन्ना 1:7)।

जब कोई अपने आपको को शुद्ध करता है (परमेश्वर की सहायता से), तो वह "आदर का बरतन" बन जाता है। कुछ संस्करणों में "आदर के योग्य ठहरता है" कहा गया है। पौलुस ने "आदर का बरतन" की तीन उल्लेखनीय विशेषताओं को सूचीबद्ध किया: **पवित्र ठहरेगा, स्वामी के काम आएगा, और हर भले काम के लिये तैयार होगा।** "स्वामी" वह है जो "बड़े घर" का अधिकारी है - परमेश्वर का संकेत देता है। "पवित्र ठहराए" (ἁγιάζω, *हगिआजो*) जाने के लिये स्वामी की सेवा के लिये[45] "अलग किया" जाना है, उसके काम के लिये[46] "स्थायी रूप से अलग" किया जाना है। "काम आना" का अनुवाद εὔχρηστος *(उक्रेस्तोस),* εὖ (*ऊ,* "अच्छा") क्रिया χράομαι (*क्राओमाई,* "काम करने वाला")[47] के साथ जुड़ा हुआ है। यह एक ऐसे व्यक्ति का वर्णन करता है जो "सहायक," "लाभदायक," "काम करने में योग्य" है।[48]

आयत 22. यह आयत आत्मिक शुद्धता में पाई जानेवाली बातों का विवरण देता है: **जवानी की अभिलाषाओं से भाग, और जो शुद्ध मन से प्रभु का नाम लेते हैं उनके साथ धर्म, और विश्वास, और प्रेम, और मेलमिलाप का पीछा कर।** तीमुथियुस कुछ बातों से "भाग" (φεύγω, *फ़ुगो*[49]) रहा था। वह उसे स्वीकार करना नहीं सीख रहा था; वह उसके साथ आगे बढ़ नहीं रहा था; वह उससे भाग रहा था। वह "उड़ान में सुरक्षा की तलाश" कर रहा था[50] - जिस प्रकार यूसुफ पोतीफर की पत्नी (उत्पत्ति 39:12) से भाग रहा था, जिस प्रकार इस्राएल की सन्तान ने किया फिरौन के क्रोध से भाग रहे थे (निर्गमन 12-15), और जिस प्रकार यूसुफ और मरियम हेरोदेस से बचने के लिये मिस्र में भाग गए (मत्ती 2:19-21)। वे शिमशोन के समान नहीं थे, जो उनसे भागने के बजाय बुरी इच्छाओं से फँस गया। उसके कर्मों ने उससे उसका बल, उसकी दृष्टि, और अन्ततः उसका जीवन (न्यायियों 13-16) छीन लिया। "आत्मिक युद्ध में कब भागना है यह जानना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि कब और कैसे लड़ना है।"[51]

विशेष रूप से, तीमुथियुस को "जवानी की अभिलाषाओं से भागना" (2:22) था। "अभिलाषाओं" ἐπιθυμία *(एपिथुमिया)* से आता है, जो गहरी अभिलाषाओं को दर्शाता है।[52] सामान्य रूप से यह शब्द बुरे अर्थ में प्रयोग किया जाता है, जैसा कि यहाँ किया गया है।

तीमुथियुस कुछ बातों से केवल भाग ही नहीं रहा था, बल्कि उसे कुछ बातों के लिये दौड़ना था: "धर्म, विश्वास, प्रेम और मेलमिलाप का पीछा कर" (2:22)। "पीछा करना" διώκω *(डिओको)* से आता है, जिसका अर्थ है "शीघ्रता से पीछा करना।"[53] शब्द का प्रयोग 1 तीमुथियुस 6:11 में गुणों की एक सूची में समान रूप से किया गया था। 1 तीमुथियुस 6:11 और 2 तीमुथियुस 2:22 में तीन गुण पाए जाते हैं: धर्म, विश्वास और प्रेम। "धर्म" (δικαιοςύνη, *डिकाइओसुने)* "सही चाल चलन" है,[54] "विश्वास" (πίστις, *पिस्तिस*) "परमेश्वर में नम्र विश्वास" है, और "प्रेम" (ἀγάπη, *अगापे)* "सभी के लिये स्नेह है, सब के लिये उत्तम से उत्तम चाहना।"[55]

तीमुथियुस को भी ". . . मेलमिलाप का पीछा करना था।" "मेलमिलाप" (εἰρήνη, *एइरेने)* "एकता, मेलमिलाप, सद्भावना की एक स्थिति" है।[56] यह परमेश्वर के साथ मेलमिलाप, साथी मनुष्य के साथ मेलमिलाप, या स्वयं के भीतर का मेलमिलाप हो सकता है। शायद यहाँ पर इसका पाया जाना संघर्ष से बचने का पौलुस के वर्णन से सम्बन्धित है (देखें 2:23)।

जो बुरा है उससे भागना और जो अच्छा है उसका पीछा करना कठिन हो सकता है यदि कोई इसे अपने आप करने का प्रयास करता है। इसलिये पौलुस ने कहा, ". . . उनके साथ जो शुद्ध मन से प्रभु का नाम लेते हैं" (2:22)। शब्द "का नाम लेना," ἐπικαλέω *(एपिकालियो)*, जिसमें ἐπί (*एपी*, "का") और καλέω (*कालियो*, "नाम लेना") शामिल है, का अर्थ है "किसी भी उद्देश्य के लिये" प्रार्थना में परमेश्वर का नाम लेना।[57] पौलुस उन लोगों के बारे में कह रहा था जो परमेश्वर पर भरोसा करते थे और उस पर निर्भर थे। *एपिकालियो* में विशेष रूप

से "उसकी उपासना करते हुए" उसका नाम लेना शामिल है[58] - अर्थात्, उसकी आराधना और प्रशंसा में उसका नाम लेने को बताता है।

तीमुथियुस को दूसरे अच्छे लोगों के "साथ" सब प्रकार की अच्छी अच्छी बातों का पीछा करना था। परमेश्वर ने उससे अकेले काम करने की अपेक्षा नहीं की थी। उसे मसीही संगति में आनन्द और सामर्थ्य को उनके साथ ढूँढ़ना था, जो "शुद्ध मन से" प्रभु का नाम लेते थे। "शुद्ध" (καθαρός, *काथारोस)* आयत 21 में यह *(एक्काथाइरो)* शब्द से सम्बन्धित जिसका अनुवाद "शुद्ध" किया गया है। तीमुथियुस को केवल स्वयं को शुद्ध रखने की चुनौती नहीं दी गई थी, बल्कि स्वयं को शुद्ध रखने वाले दूसरे लोगों के साथ जुड़े रहने की भी चुनौती दी गई थी।

प्रभु का सेवक (2:23-26)

किस बात से अलग रहें (2:23, 24)

[23]पर मूर्खता और अविद्या के विवादों से अलग रह, क्योंकि तू जानता है कि इनसे झगड़े उत्पन्न होते हैं। [24]प्रभु के दास को झगड़ालू नहीं होना चाहिए। पर वह सब के साथ कोमल और शिक्षा में निपुण और सहनशील हो।

आयत 23. पौलुस ने तीमुथियुस को 2:16 में "अशुद्ध बकवाद से बचा रह" कहा था। यहाँ, उसने विचार की उस पंक्ति को फिर से शुरू किया: **पर मूर्खता और अविद्या के विवादों से अलग रह।** "अलग रह" (παραιτέομαι, *पाराइतेओमाई)* के लिये शब्द का अनुवाद "बचा रह" और "इसके अलावा कुछ करना नहीं है।"[59] जुड़े रहने के सम्बन्ध में इससे पूर्ण रूप से अलग रहने के लिये नहीं कहा गया है क्योंकि तीमुथियुस को जल्द ही ऐसे गलती करनेवालों को सही करने के लिये कहा जाएगा (2:25), जो कुछ सम्पर्क का विचार करता है। इस तरह के मामलों में किसी का समय बर्बाद न करने पर जोर दिया जाता है। हमें "काम की और व्यर्थ बातों के बीच अन्तर करना सीखना चाहिए।"[60]

ऐसे मामलों से "अलग रहना" क्यों महत्वपूर्ण था? सबसे पहले, पौलुस उन विचारों के बारे में बात कर रहा था जो सिर्फ "विवाद" थे (ζήτησις, *ज़ेतेसिस* से आता है, जिसका अनुवाद तीतुस 3:9 में "विवादों" और 1 तीमुथियुस 6:4 में "विवादास्पद प्रश्न" किया गया है)। दूसरा, ये "मूर्खता" विवाद थीं। "मूर्खता" μωρός *(मोरोस)* से आता है, जिसकी उत्पत्ति "मोरोन" से हुई है। मोरोस का मुख्य रूप से अर्थ "सुस्त, आलस" और फिर "मूढ़ता, मूर्खता" है।[61] तीसरा, वे "अविद्या" (ἀπαιδεύτος, *अपाइद्यूतोस)* विवाद थे। यह यूनानी शब्द παιδεύω (*पाइद्यूओ,* "सिखाना" या "प्रशिक्षित करना") से बनाया गया है, जिसे "अनपढ़, अशिक्षित" का अर्थ देने के लिये α *(अ)* को हटा दिया गया है।[62] कोई भी उस व्यक्ति से अधिक अज्ञानी नहीं है जो "नहीं जानता, और नहीं जानता [वह] वह

नहीं जानता।[63] वाक्यांश "मूढ़ता और मूर्खतापूर्ण विवादों" में शब्दावली का सारांश देता है।

शायद हमें यह इंगित करना चाहिए कि पौलुस इस तरह के विवाद के विरोध में नहीं था। वह वाद-विवाद में शामिल था, जैसे यीशु ने किया था। पौलुस जिस बात का विरोध कर रहा था वह "मूर्खतापूर्ण विवाद" था। कुछ लोगों ने ध्यान दिया कि "विवाद" और "लड़ाई" के बीच एक अन्तर है। कुछ विवाद गलत होते हैं, जबकि *सब* लड़ाई गलत होती हैं।

"विवाद" के बारे में कुछ टिप्पणियाँ क्रम में हैं। बहुत पहले, मूसा ने लिखा था, "गुप्त बातें हमारे परमेश्वर यहोवा के वश में हैं; परन्तु जो प्रगट की गई हैं वे सदा के लिये हमारे और हमारे वंश के वश में रहेंगी, इसलिये कि इस व्यवस्था की सब बातें पूरी की जाएँ" (व्यव. 29:29)। "गुप्त बातें" हमारे लिये षड्यंत्र हो सकती हैं। हमारे पास कई प्रश्न हैं जिनका उत्तर हम देना चाहते हैं। परन्तु, *हमें यह समझना चाहिए कि जब हम प्रगटीकरण के क्षेत्र को छोड़ देते हैं, तो हम विवादों के दायरे में प्रवेश करते हैं।* उस क्षेत्र में, उद्देश्य के लिये कोई अधिकार नहीं है; किसी व्यक्ति का विचार (सैद्धान्तिक ही सही) दूसरों के लिये उतने ही अच्छे हों जितने दूसरों के उसके लिये हैं। असहमति और यहाँ तक कि झगड़े भी उत्पन्न हो जाते हैं। "गुप्त बातों" के बारे में आश्चर्य करना और शायद अनुमान लगाना भी या दोनों गलत नहीं है, परन्तु ऐसे मामलों में ध्यान देना और उनके बारे में दूसरों के साथ बहस करना (पौलुस के वाक्यांश के उपयोग के लिये) मूर्खतापूर्ण है और मन की अनाज्ञाकारिता को इंगित करता है।

इस तरह के विवादों के बारे में पौलुस की तत्काल चिन्ता यह थी **कि इनसे झगड़े** [μάχη, *माचे* से आता है] **उत्पन्न होते हैं**। झगड़े में "लड़ाई, . . . संघर्ष, विवाद शामिल हैं।"[64]

आयत 24. झगड़े का वर्णन परमेश्वर के दास को चर्चा को आगे बढ़ाने में अगुवाई करता है। पौलुस ने शुरू किया, **प्रभु के दास को झगड़ालू नहीं होना चाहिए।** एक "अनुबंध-सेवक" (δοῦλος, *डूलोस)* "वह है जो पूरी तरह से दूसरे के लिये प्रतिबद्ध होता है।"[65] *डूलोस* "दास" के लिये सामान्य शब्द है, परन्तु कई अनुवाद में "सेवक" है। चर्चा के तहत् व्यक्ति के बारे में, उसकी "एकमात्र प्रतिबद्धता" प्रभु के लिये थी। "परमेश्वर के दास" होने की तुलना में कोई बड़ी बुलाहट नहीं है (देखें व्यव. 34:5)।[66]

24 से 26 के आयत बताते हैं कि परमेश्वर के दास को क्या करना (या नहीं करना) *"चाहिए।"* "चाहिए" δεῖ *(डेई)* से आता है, जो "मसीही नैतिकता का प्रमुख शब्द है।"[67] 2:24 के अनुसार, पहली बात यह है कि प्रभु के दास को "झगड़ालू" नहीं होना चाहिए (μάχομαι, *माचोमाई),* जो पिछली आयत में "झगड़ा" *(माचे)* से सम्बन्धित है। इसका अर्थ है "[भौतिक] हथियारों के उपयोग के बिना, उग्र विवाद में संलग्न होना।"[68] झगड़ा करने से कभी कलीसिया का निर्माण नहीं होता है।

कैसा आचरण दिखाना है (2:24-26)

[24]प्रभु के दास को झगड़ालू नहीं होना चाहिए। पर वह सब के साथ कोमल और शिक्षा में निपुण और सहनशील हो। [25]वह विरोधियों को नम्रता से समझाए, क्या जाने परमेश्वर उन्हें मन फिराव का मन दे कि वे भी सत्य को पहचानें, [26]और इसके द्वारा उसकी इच्छा पूरी करने के लिये सचेत होकर शैतान के फंदे से छूट जाएँ।

आयत 24. जैसे पौलुस ने परमेश्वर के दास का वर्णन किया, उसने एक व्यापक वर्णन प्रस्तुत किया कि कैसे प्रचारक को अन्य लोगों के साथ व्यवहार करना चाहिए, विशेष रूप से जो लोग उसका विरोध करते हैं और जो लोग गलती करने में लगे रहते हैं।

जो परमेश्वर की सेवा करता है **वह सब के साथ कोमल हो**। "कोमल" ἤπιος *(एपिओस)* से आता है, जिसका अनुवाद करना कठिन है। इसे "नम्र" या "कोमल" कहा गया है। यह शब्द "यूनानी लेखकों द्वारा अक्सर प्रयोग किया जाता था जो बच्चों की देखरेख करने का प्रयास कर रही नर्स के या बच्चों [कठोर छात्रों] के साथ एक शिक्षक के, या अपने बच्चों के लिये माता-पिता के व्यावहारिक चरित्र को बताता है।"[69] प्रभु के दास को ऐसा होना चाहिए कि "आसानी से उससे बात की जा सके, उस तक पहुँच रखी जा सके, चिड़चिड़ाने वाला न हो, असहनशील न हो, कटु वचन बोलने वाला या घृणा करने वाला न हो, गलती करने वालों के प्रति भी नहीं।"[70]

यह अनुच्छेद "सब के साथ *कोमल"* रहने को कहता है। यह एक साधारण आज्ञा नहीं है; दूसरों की तुलना में कुछ लोगों के साथ ही कोमल होना आसान होता है। परन्तु, हमें उन लोगों के साथ कोमल होना चाहिए जिन्हें हम पसन्द करते हैं और उनके साथ भी जिन्हें हम पसन्द नहीं करते हैं। हमें अपने मित्रों और अपने बैरियों के साथ कोमल होना चाहिए। हमें अपने करीबी लोगों के और अपरिचित या अनजान लोगों के साथ कोमल होना चाहिए। "हर किसी के साथ कोमल हों" पर जोर दिया गया है।

अगली आवश्यकता प्राचीनों की योग्यता से दोहराई गई है: **शिक्षा में निपुण हो**।[71] यदि कोई व्यक्ति सिखा नहीं सकता है, तो उसे कक्षा के सामने या मंच में खड़ा नहीं होना चाहिए। काम करने में निपुण होने वाले का यह प्राकृतिक परिणाम है जो सत्य के वचन को ठीक रीति से काम में लाना सीख चुका हो (देखें 2:15)।

पौलुस ने उसके बाद **सहनशील हो** को सूचीबद्ध किया। कई अनुवादों में केवल "सहनशील" होता है, परन्तु पाठ में "सहनशील" के लिये यह सामान्य यूनानी शब्दों में से एक नहीं होता है। बल्कि, वाक्यांश यूनानी मिश्रित शब्द, ἀνεξίκακος *(अनेक्सीकाकोस)* का अनुवाद है, जिसका अर्थ है "बुराई को थामे [अधीन] रहना। यह ἀνά (*अना,* को) और ἔχω (*एचो,* "थामे रहना") और

κακός (*काकोस*, "बुराई") का संयोजन है।[72] यह "क्रोध के बिना बुराई को सहन करना," "सहनशीलता" और "धीरज" को संदर्भित करता है।[73] एक अन्य अनुवाद में इसे "कठोर लोगों के साथ सहनशीलता" कहा गया है। यह एक और आज्ञा है जिसे किए जाने के बदले अधिक आसानी से कहा जाता है। जब गलत होता है, तो हम दूसरों को चोट पहुँचाने के लिये पलटकर हमला करना चाहते हैं क्योंकि उन्होंने हमें चोट पहुँचाई है; परन्तु पौलुस ने "गलत होने पर सहनशील हो" कहा।

आयत 25. पौलुस ने तीमुथियुस को सीधे सम्बोधित किया कि झूठे शिक्षकों और उनका साथ देनेवालों के बारे में क्या करना था। उसे बहस से बचना था जिससे लड़ाई उत्पन्न होती थी, परन्तु उसे उन व्यक्तियों को अनदेखा नहीं करना था। पौलुस ने लिखा, **वह विरोधियों को नम्रता से समझाए**। "विरोधियों को" ἀντιδιατίθημι *(अन्तिदिआतीथेमी)* से आता है - एक मिश्रण जिसमें ἀντί (*अन्ति*, "विरोध") तीव्र सम्बन्ध सूचक διά *(डिआ)* और क्रिया τίθημι (*तिथेमी*, "रखना") से जुड़ा हुआ है जिसका अर्थ है "किसी के विरोध में।"[74] हमें यह नहीं बताया गया है कि क्या ये झूठे शिक्षक पौलुस के विरोध में थे और/या तीमुथियुस के विरोध में थे, परन्तु इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।[75] एक या दूसरी ओर, वे सच्चाई के विरोध में थे।

जो विरोध में थे तीमुथियुस को उन लोगों को "सही" करना था। "सही" παιδεύω *(पाइडुओ)* से आता है, जो मूल शब्द "बच्चा" (παῖς, *पाइस*) से लिया गया है।[76] उसे गड़बड़ी को इस तरह से सही करना था जैसे एक प्रेम करनेवाली और समर्पित माता अपने बच्चे को सुधारती है। उसका काम जो नहीं जानता उसे सूचित करना, जिसे ज्ञात नहीं उसे सिखाना, अशिक्षित को शिक्षित करना और अनुशासनहीन को अनुशासित करना था।[77]

इसे "नम्रता से" किया जाना था। "नम्रता" भी एक और ऐसे शब्द से आता है जिसका अनुवाद लगभग नहीं किया जाता: πραΰτης *(प्राउतेस)*।[78] इसे अक्सर "दीनता" कहा जाता है, परन्तु यह एक कमजोर शब्द नहीं है। यीशु "नम्र" या "दीन" था (मत्ती 11:29; KJV; NASB), परन्तु वह कमजोर नहीं था। "उसकी आज्ञा में परमेश्वर के अनन्त संसाधन कार्य करते थे।"[79] गैरी डब्ल्यू. डेमारेस्ट ने *प्राउतेस को* "शक्ति का भरपूर उपयोग" कहा।[80] इस विचार को एक बड़े, शक्तिशाली पुरुष से जो अपने नए जन्में पुत्र को अपनी बांहों में झूला रहा हो की छवि द्वारा चित्रित किया जा सकता है। उसकी सारी शक्ति उस छोटे बच्चे की रक्षा करने पर केन्द्रित है।

तीमुथियुस को विरोधियों को नम्रता से समझाने पर चिन्तित क्यों होना चाहिए? क्योंकि पौलुस ने उनकी परिस्थिति को निराशाजनक नहीं माना। उसने कहा, **क्या जाने परमेश्वर उन्हें मन फिराव का मन दे कि वे भी सत्य को पहचानें।** परमेश्वर चाहता है कि खो हुए लोग "सत्य को पहचानें" क्योंकि केवल सत्य ही उन्हें पाप के जाल से स्वतंत्र कर सकता है (देखें यूहन्ना 8:32; 17:17)।

तीमुथियुस और तीतुस की पत्रियों में यह एकमात्र समय है जिसमें "मन फिराव" का उल्लेख किया गया है।[81] "मन फिराव" μετάνοια *(मेटानोईआ)* से

आता है, जो μετά (*मेटा,* "बाद") और νοῦς (*नूस,* "मन") से बना है। यह "मन में एक बदलाव" का आना है।[82] जब एक पापी के सम्बन्ध में इसका प्रयोग किया जाता है, तो यह पाप के सम्बन्ध में रवैये में परिवर्तन को दर्शाता है जो परमेश्वर-भक्ति के शोक (2 कुरि. 7:10) से आता है और उसके बाद जीवन में परिवर्तन (प्रेरितों 3:19) आता है। यह "शायद" और "हो सकता है" इंगित करता है कि मन फिराव निश्चित नहीं है, परन्तु न ही यह असम्भव है।

वाक्यांश "परमेश्वर उन्हें मन फिराव का मन दे" यह सुझाव नहीं देता है कि परमेश्वर मन फिराव के लिये पापियों पर दबाव डालता है चाहे वह चाहता हो या न चाहता हो। जबकि, यह कथन बाइबल की सच्चाई को दिखाता है कि "हर एक उत्तम दान ऊपर ही से है" (याकूब 1:17)। यहाँ तक कि मन फिराव को भी ". . . उत्तम दान ऊपर ही से है" माना जा सकता है। "परमेश्वर ने पौलुस और तीमुथियुस को गड़बड़ी को सही करने के लिये संदेश दिया (2 तीमु. 2:15)। परमेश्वर से प्रेरित वचन "परमेश्वर की दया" के बारे में बताता है जो "[मनुष्यों] को मन फिराव के लिये प्रेरित करता है" (रोमियों 2:4)। इसके अतिरिक्त, परमेश्वर मन फिराव के लिये पापी को समय देता है। ये सब प्रभु की ओर से वरदान हैं क्योंकि वह नहीं चाहता "कि कोई नष्ट हो, वरन् यह कि सब को मन फिराव का अवसर मिले" (2 पतरस 3:9)।

आयत 26. पौलुस ने विरोधियों को समझाने के लिये तीमुथियुस को अतिरिक्त कारण दिए। उसने सबसे पहले कहा कि वे **सचेत हो जाएँ**। इस वाक्यांश का अनुवाद "सचेत होना," ἀνανήφω *(अनानेफो),* ἀνά (*अना,* "पुन" या "फिर से"), और νήφω (*नेफो,* "सचेत होना") से मिलकर बना है और जिसका शाब्दिक अर्थ "सचेत होकर लौट आना" होता है। कई जिन्होंने झूठे शिक्षकों की बात सुनी थी, वे "गलती से नशे में थे।"[83] जैसे कि नशे में गिरते पड़ते, ठोकर खाते, मतवाला होकर ज्ञान को ज्ञान कहना ही भूल गए (1 तीमु. 6:20) हों। आत्मिक रूप से, वे एक ओर से दूसरी ओर डोलना शुरू कर दिए, भले ही उन्होंने सोचा कि वे एक सीधी रेखा पर चल रहे थे - सब इस बात से अनजान थे कि उनकी दशा कितनी दयनीय थी। परमेश्वर के अनुग्रह से, उनके लिये अभी भी "सचेत होना" सम्भव था, जबकि उड़ाऊ पुत्र भी "अपने आपे में आया" (लूका 15:17) और अपने पिता के पास लौट आया।

पौलुस ने आगे कहा, और इसके द्वारा उसकी इच्छा पूरी करने के लिये शैतान के फंदे से छूट जाएँ।[84] "फंदा" संदेह न करनेवाले के लिये एक जाल है। शैतान के पास कई फंदे हैं, और वह अपने शिकार के लिये सबसे अधिक आकर्षक चारा के साथ व्यक्तिगत बनाता है। शिकारी जानवर को आकर्षित करने के लिये एक विशेष भोजन का उपयोग कर सकता है, जबकि एक मछुआरा मछली पकड़ने के लिये कीड़े का उपयोग कर सकता है। उसी प्रकार, शैतान हम में से हर एक के लिये अपना सबसे अच्छा चारा फैलाता है। कुछ के लिये, वह पैसे या सम्पत्ति का उपयोग करता है। दूसरों के लिये, वह प्रसिद्धि, लोकप्रियता, गर्व, या कामेच्छा जुनून का उपयोग करता है। याकूब ने लिखा था कि "प्रत्येक व्यक्ति *अपनी ही*

अभिलाषा से खिंचकर . . . परीक्षा में पड़ता है" (याकूब 1:14; बल दिया गया है) - उसकी व्यक्तिगत और विशेष अभिलाषाएँ। हमें इस महत्वपूर्ण विषमता को अनदेखी नहीं करना चाहिए: परमेश्वर पापियों को एक वरदान (मन फिराव का) देना चाहता है, जबकि शैतान उन्हें जाल में फँसाना चाहता है!

"फंदे में फँसना" एक रुचिकर यूनानी शब्द (ζωγρέω, *ज़ोगरेओ)* से आता है जिसमें ζωός (*ज़ूस,* "जीवित"), ἐγρεύω (*एगरूओ,* "शिकार करना" या "पकड़ना") के साथ जुड़ा होता है।[85] शाब्दिक, विचार "जीवित पकड़ना है।"[86] शैतान नहीं चाहता है, न ही उसके पास कोई मृत शिकार है;[87] बल्कि, वह चाहता है उसके दास जीवित हों। *ज़ोगरेओ* नए नियम में लूका 5:10 में दूसरी बार पाया गया है, जहाँ यीशु ने पतरस से कहा था, "अब से तू मनुष्यों को [जीवता] पकड़ा करेगा।" यह एक और विपरीत बात है: मसीही पुरुषों और स्त्रियों को उनकी आत्माओं को बचाने के लिये जीवित पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि शैतान और उसके दूत उनकी आत्माओं को सदा के लिये दण्ड देने के लिये उन्हें जीवित पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

अध्याय 2 का अन्तिम कथन संदेहास्पद है, विशेष रूप से समापन वाक्यांश: "उसकी इच्छा पूरी करने के लिये।" "उसकी" का अनुवाद ἐκεῖνος *(एकेइनोस)* का अनुवाद है, इस सर्वनाम का अर्थ है "उस वाले की" किसी से इसके सम्बन्ध का उल्लेख पहले किया गया है। कुछ लोग 25 आयत को फिर से देखते हैं और मानते हैं कि आयत 26 में पिछले दो वाक्यांश परमेश्वर के बारे में बता रहे हैं: ". . . इसके द्वारा [परमेश्वर] उसकी [परमेश्वर की] इच्छा पूरी करने के लिये।" बहुत से लोग मानते हैं कि "उसकी" शैतान के लिये संदर्भ है, परन्तु यह "उसकी" परमेश्वर को संदर्भित करता है: ". . . अतीत में उसे उसके [शैतान] द्वारा फंदे में फँसा लिया गया था, परन्तु अब, उसकी [परमेश्वर की] इच्छा पूरी करने के लिये फंदे से छूट गए हैं।" वाक्यांश को पढ़ने का सबसे सरल और सबसे स्वाभाविक तरीका यह है कि शैतान के रूप में "उसके" और "उसकी" दोनों को समझना है: ". . . उसे उसके [शैतान] द्वारा फंदे में फँसा लिया गया था, उसकी [शैतान] इच्छा पूरी करने के लिये।" सभी तीन व्याख्याओं का अर्थ निकल रहा है, और किसी भी अन्य अनुच्छेद का उल्लंघन नहीं करता है; इसलिये यह थोड़ा अन्तर को दिखाता है जिसका उपयोग किया जाता है।

जबकि 24 से 26 आयत के कुछ विवरण संदेहपूर्ण हो सकते हैं, कुल मिलाकर संदेश स्पष्ट है: *परमेश्वर का जन झगड़ालू नहीं होता है।* वह मूर्खतापूर्ण झगड़े से बचा रहता है और लोगों के साथ नम्रता और सम्मान का व्यवहार करता है।

परमेश्वर के जन के लिये पौलुस का चित्रण अब पूरा हो गया है। हमारे सामने इतनी बड़ी चुनौती के साथ, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि यह अध्याय "उस अनुग्रह में जो मसीह यीशु में है बढ़ते जाओ" की आज्ञा के साथ शुरू हुआ।

अनुप्रयोग

क्या हमें स्वीकृति मिली है? (2:14-19)

यहाँ कुछ प्रश्न दिए गए हैं जिन्हें हमें स्वयं से पूछना चाहिए: "मैं किस तरह का कार्यकर्ता हूँ?"; "क्या मैं परमेश्वर के वचन को जानता हूँ?"; "क्या मैं बाइबल से सम्बन्धित प्रश्नों का उत्तर देने में सक्षम हूँ?"; "क्या मैं वचन के मानकों के आधार पर जी रहा हूँ, या फिर क्या मैं संसार के मानकों से अत्यधिक प्रभावित हूँ?" सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें यह पूछना चाहिए कि क्या हमें परमेश्वर-स्वीकृति मिली है। अपने आस-पास के लोगों द्वारा स्वीकृति मिलने का प्रयास करना मोहक है।

हम इन प्रश्नों को प्रार्थना के साथ बंद कर सकते हैं: "परमेश्वर, हमें सीखने, जीने और आपके वचन से प्रेम करने में सहायता करें ताकि हम आपकी स्वीकृति प्राप्त कर सकें। हम आपको यह कहते हुए सुनना चाहते हैं, 'बहुत अच्छा, मेरे अच्छे और विश्वासयोग्य दास।' हमारे उद्धारकर्ता के नाम में, आमीन।"

एक योग्य कारीगर बनना (2:15)

यदि किसी उपकरण को "उचित रीति से" संभाला जा सकता है, तो इसे गलत तरीके से भी संभाला जा सकता है।[88] यदि इसका उपयोग "सही रीति से" किया जा सकता है, तो इसका गलत प्रयोग भी किया जा सकता है। यदि इसे "अच्छी तरह से" संभाला जा सकता है, तो इसे गलत तरीके से भी संभाला जा सकता है। सही ढंग से और कुशलता से उपकरण का उपयोग करना सीखने में समय और धैर्य लगता है। पवित्रशास्त्र में भी यही सच है। सोने के समय में कुछ आयतों को पढ़ना या कुछ अध्यायों को जल्दी से हटा देना वचन के साथ एक "कुशल कारीगर" नहीं बनाता है। हमें परमेश्वर के वचन को लगातार पढ़ना, अध्ययन करना और मनन करना चाहिए (प्रार्थनापूर्वक ऐसा करने के लिये स्मरण रखना)।[89] तीमुथियुस को उसकी माता और नानी ने पहले परमेश्वर के वचन को सिखाया और उसके बाद पौलुस ने, जो पंद्रह वर्षों तक उसका शिक्षक और सलाहकार था। फिर भी, पौलुस ने उसे वचन से भली-भाँति परिचित होने का आग्रह किया। कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम कितना जानते हैं, सीखने के लिये हमेशा और कुछ न कुछ रहता है। हमें अध्ययन करना बंद नहीं करना चाहिए!

परमेश्वर के लिये उपयोगी होना (2:21)

कुछ बातें उपयोगी होने से अधिक महत्वपूर्ण हैं (कोई भी बेकार कहलाना नहीं चाहता), और हमारे प्रभु के लिये और अधिक महत्वपूर्ण होना उपयोगी है। अलग-किए जाएँ और उपयोगी बने, हम "हर अच्छे काम के लिये तैयार" हैं, जो कुछ परमेश्वर करना चाहता है, वह करने के लिये तैयार रहें। जब हम पवित्र शास्त्र से सीखते और उनपर चलते हैं (3:16), हम "हर अच्छे काम के लिये

सुसज्जित" हो जाते हैं (3:17)।

"जवानी की अभिलाषा" (2:22)

जब हम "जवानी की अभिलाषा" वाक्यांश सुनते हैं, तो हम पहले युवाओं की मजबूत यौन आग्रहों के बारे में सोच सकते हैं, जो सभी युवा लोगों के लिये एक चुनौती है जो वैसा जीना चाहते हैं जैसा मसीह उनसे चाहता है। परन्तु, युवा मसीहियों को भी अन्य दृढ़ इच्छाओं को नियन्त्रित करना सीखना चाहिए: आत्म केन्द्रित होना, उग्रता, जिद्दी, गर्व, अधीरता, असहनशीलता, और नई और चमक-दमक से प्रेम, जो कुछ बातों को सिर्फ उनके पुराने हो जाने के कारण उसका तिरस्कार कर देता है। इनमें से प्रत्येक एक गलती समझा जाएगा है जिसके "पीछे एक भलाई छिपी हुई है,"[90] परन्तु सभी के लिये आत्म-संयम की आवश्यकता होती है। निःसंदेह, *हर* आयु वर्ग को इन बुरी इच्छाओं से लड़ना पड़ता है।

समाप्ति नोट्स

[1]*दियामार्तुरोमाई* का अनुवाद 2 तीमुथियुस 4:1 में इसी प्रकार किया गया है: "सुधि दिलाकर मैं तुझे आदेश देता हूँ।" [2]कुछ हस्तलिपियों में "परमेश्वर" के बजाय "प्रभु" है। दोनों शब्दों का भारी प्रमाण का समर्थन प्राप्त है। (ब्रूस एम्. मेज्गेर, *ए टेक्स्चुअल कमेन्ट्री ऑन द ग्रीक न्यू टेस्टमेंट*, दूसरा एडिशन [स्टुट्गार्ट, जर्मनी: जर्मन बाइबल सोसाइटी, 1994], 579.) जिस शब्द का उपयोग किया गया है उसके कारण शब्द का भाव प्रभावित नहीं हुआ है। [3]संबंधित संज्ञा रूप λογομαχία *(लोगोमकियो)* 1 तीमुथियुस 6:4 में पाया जाता है, जहां इसे "शब्दों के विषय में विवाद" में अनुवाद किया गया है। [4]वाल्टर बाऊर, *ए ग्रीक-इंग्लिश लेक्सिकन ऑफ़ द न्यू टेस्टमेंट एण्ड अदर अर्ली क्रिस्चियन लिटरेचर*, तीसरा एडिशन रिवाइज्ड एण्ड एडिटेड, फ्रेडरिक विलियम डेंकर (शिकागो: यूनिवर्सिटी ऑफ़ शिकागो प्रेस, 2000), 598. [5]जेम्स बर्टन कोफ्फ्मन, *कमेन्ट्री ऑन 1 एण्ड 2 थिस्सलोनियंस, 1 एण्ड 2 टिमोथी, टाइटस एण्ड फाइलीमन* (ऑस्टिन, टेक्सस: फर्म फाउंडेशन पब्लिशिंग हाउस, 1978), 289. कोफ्फ्मन यूहन्ना 8:58 की ओर संकेत कर रहा था। [6]तीतुस 3:9 अन्य अपरिहार्य मामलों पर समय नष्ट करने पर भी लागू होता है। [7]डब्ल्यू. ई. वाइन, मेरिल एँफ़. अंजर, एण्ड विलियम वाइट, जूनियर, *वाइनस कम्पलीट एक्सपोजिटरी डिक्शनरी ऑफ़ ओल्ड एण्ड न्यू टेस्टमेंट वर्ड्स* (नेशविल: थॉमस नेल्सन पब्लिशर्स, 1985), 454. [8]बाऊर, 528. [9]उपरोक्त, 939. KJV ने 2 तीमुथियुस 4:9, 21 में *स्पूदाज़ो* "अपना प्रयत्न कर" और तीतुस 3:12 में "परिश्रमी" के रूप में अनुवाद किया। *स्पूदाज़ो* से संबंधित शब्द 2 तीमुथियुस 1:17 ("उत्सुकता से") और तीतुस 3:13 ("परिश्रमपूर्वक") में भी पाए जाते हैं। [10]उपरोक्त, 256. *दोकिमोस* का नकारात्मक अनुवाद तीतुस 1:16 में "महत्वहीन" है।

[11]वाइन, अंगर, एण्ड वाइट, 683-85; बाऊर, 390. [12]वाइन, अंजर, एण्ड वाइट, 178. [13]बाऊर, 722. [14]वाइन, अंजर, एण्ड वाइट, 178. [15]इफिसियों 1:13 में, NASB वाक्यांश को "सच्चाई का संदेश" के रूप में अनुवादित करता है। ESV में "सत्य का वचन" है। असल में, प्रत्येक लेख में एक समान यूनानी शब्द पाए जाते हैं। [16]"बचा रह" (περιΐστημι, *पेरीस्टेमी)* तीतुस 3:9 में भी पाया जाता है। [17]"अभक्ति" (ἀσέβεια, *असेबिआ)* की चर्चा तीतुस 2:12 के सम्बन्ध में की गई है। [18]विलियम बार्कले, *द लेटर्स टू तिमोथी, टाइटस, एण्ड फिलेमन*, रिवाइज्ड एडिशन, द डेली स्टडी बाइबल (फिलाडेल्फिया: वेस्टमिंस्टर प्रेस, 1975), 174. [19]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 14, 142. सम्बन्धित संज्ञा προκοπή (*प्रोकोपे,* "उन्नति") का उपयोग 1 तीमुथियुस 4:15 में किया गया है। [20]यही बात 3:13 में बताई गई है।

[21]बाऊर, 186. [22]उपरोक्त, 675. [23]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 261. [24]*एस्तोचेओ* का अनुवाद 1 तीमुथियुस 1:6 में "भटक जाना" किया गया है। [25]पाठ के प्रमाण यहाँ निश्चित लेख के पक्ष में भारी हैं, परन्तु कुछ प्रश्न यह है कि मूल दस्तावेज़ में यह था या नहीं। (मेटज़र, 579-80.) [26]स्पष्ट है कि, कुछ इसी के समान थिस्सलुनीके में भी सिखाया गया था (2 थिस्स. 2:2). [27]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 455. [28]बाऊर, 74. [29]उपरोक्त, 630. [30]उपरोक्त, 448-49.

[31]यह वह नींव है जो प्रेरितों और भविष्यद्वक्ताओं (प्रेरित पुरुषों) ने मसीह के अपने प्रचार के द्वारा रखी थी। [32]इब्रानियों 6:1 में, "नींव" आधारभूत सत्य को संदर्भित करता है। [33]डेविड एल. रोपर, *रिवेलेशन 1-11,* ट्रुथ फॉर टुडे (सरसी, आरकैंसा: रिसोर्स पब्लिकेशन, 2002), 227, 298, में मुहर पर विस्तार से चर्चा की गई है। [34]बाऊर, 980. कई संस्करणों में "शिलालेख" अनुवाद किया गया है। विभिन्न अनुवादों में पाए गए अन्य शब्दों में "चिह्न," "आदर्श लेख," "आश्वासन," और "प्रमाणीकरण" शामिल हैं। [35]देखें निर्गमन 33:12; गिनती 16:5; यूहन्ना 10:14; 1 कुरि. 8:3; गला. 4:9. [36]एक अन्य संस्करण में "मसीह" है। हस्तलिपि प्रमाण "प्रभु" का समर्थन करता है, परन्तु या तो शब्द अनुच्छेद के अर्थ को व्यक्त करता है। [37]"बचा रहना" ἀφίστημι *(अफीस्तेमी)* से आता है, जो किसी के अपने निर्णय के परिणामस्वरूप "दूर से खड़े रहना" या "त्यागना" है (देखें टिप्पणियाँ 1 तीमु. 4:1 पर)। [38]ब्रूस बी. बार्टन, डेविड आर. वीरमैन, एण्ड नील विल्सन, *1 तिमोथी, 2 तिमोथी, टाइटस*, लाइफ एप्लीकेशन बाइबल कॉमेन्टरी (व्हीटन, इलिनोय: टिंडेल हाउस पब्लिशर्स, 1993), 195, से प्राप्त दिया गया है। [39]विलियम हेन्ड्रिक्सन, *एक्सपोज़िशन ऑफ द पास्टोरल एपिसल्स,* न्यू टेस्टामेन्ट कॉमेन्टरी (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1965), 268. [40]आर. सी. एच. लेंसकी, *दि इंटरप्रिटेशन ऑफ सेंट पॉल्स एपिसल्स टू द कोलोसियन्स, टू द थिस्सलोनियन्स, टू तिमोथी, टू टाइटस एण्ड टू फिलेमन* (पृष्ठ नहीं: लूथरन बुक कंसर्न, 1937; रीप्रिंट, कोलम्बस, ओहियो: वार्टबर्ग प्रेस, 1946), 807.

[41]बाऊर, 927. [42]कौन से बरतन "अनादर के लिये" हैं, पौलुस ने 2:21 में संकेत दिया कि गंदे बरतन अनादर के लिये हैं। [43]बाऊर, 303; वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 498. [44]कुछ सुझाव देते हैं कि *एक्क्थाइरो* "अनादर के बरतनों" से अलग किया जाना होता है। *एक्क्थाइरो* एकमात्र अन्य स्थान 1 कुरिन्थियों 5:7 में पाया जाता है, जो एक निर्दोष भाई को संगति से अलग करने की बात करता है। इसलिये कुछ लोग निष्कर्ष निकालते हैं कि इस तरह की कुछ बातें यहाँ पौलुस के मन में था। परन्तु, 2:21 आत्म-अनुशासन पर केन्द्रित है, कलीसियाई अनुशासन पर नहीं। [45]*हगियाज़ोके एक रूप* को 1 तीमुथियुस 4:5 में "पवित्र किया हुआ" बताया गया है। [46]जॉन आर. डब्ल्यू. स्टॉट, *गार्ड द गॉस्पेल: द मेसेज ऑफ 2 तिमोथी,* द बाइबल स्पीक्स टुडे (डाउनर्स ग्रोव, इलिनोय: इंटरवर्सीटी प्रेस, 1973), 72. [47]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 655. [48]बाऊर, 417. [49]1 तीमुथियुस 6:11 में इसी तरह के कथन में *फुगो* का भी अनुवाद "भागना" का किया गया है। [50]बाऊर, 1052.

[51]बार्टन, वीरमैन और विल्सन, 199. [52]*एपिथुमिया* के अन्य उपयोग 1 तीमुथियुस 6:9 ("अभिलाषाओं"); तीतुस 2:12 ("अभिलाषाओं"); और 3:3 ("अभिलाषाओं") में पाए जाते हैं। [53]बाऊर, 254. [54]इस शब्द के एक रूप का अनुवाद 1 तीमुथियुस 1:9 में "धर्मी जन" किया गया है। [55]"विश्वास" और "प्रेम" के बारे में, देखें 1 तीमु. 1:5. [56]बाऊर, 287. तीन पत्रियों की शुरुआत में अभिवादन में एकमात्र अन्य स्थान में "मेलमिलाप" पाया जाता है। [57]उपरोक्त, 373. [58]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 86. [59]एक ही शब्द का उपयोग 1 तीमुथियुस 4:7 में "अलग रह" और तीतुस 3:10 में भी "अलग रह" दिया गया है। [60]हेन्ड्रिक्सन, 274.

[61]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 246. *मोरोस* तीतुस 3:9 में भी पाया जाता है। [62]बाऊर, 96. [63]इस कहावत को "अरब कहावत" के रूप में इसाबेल बर्टन, *द लाइफ ऑफ कैप्टन सर रिच. एफ. बर्टन,* वॉल्यूम 1 (लंडन: चैपमेन एण्ड हॉल, 1893), 548, में पहचाना गया है। [64]बाऊर, 622. [65]उपरोक्त, 260. [66]कई लेखकों ने यशायाह की पुस्तक में परमेश्वर के दास (यीशु) का दुःख भोग के अनुच्छेद पर ध्यान दिया (यशायाह 52:13-53:12). [67]कार्ल स्पेन, *द लेटर्स ऑफ पॉल टू तिमोथी एण्ड टाइटस,* द लिविंग वर्ड कॉमेन्टरी (ऑस्टिन, टेक्सस: आर. बी. स्वीट कंपनी, 1970), 137.

प्राचीनों के लिये योग्यता में *डेई* के उपयोग की तुलना करें (1 तीमु. 3:2). [68]बाऊर, 622. [69]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 263. 1 थिस्सलुनीकियों 2:7 में, *एपिओस* का अनुवाद "कोमल" किया गया है। [70]हेन्ड्रिक्सन, 275.

[71]देखें 1 तीमु. 3:2. [72]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 247. [73]बाऊर, 77. [74]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 449. [75]यह भी सम्भव है कि शब्द को मध्य आवाज में पढ़ा जाए। "वे लोग हैं जो स्वयं का विरोध करते हैं।" जो लोग गड़बड़ी करते हैं वे अपने आपके सबसे बड़े शत्रु होते हैं। [76]तीतुस 2:12 *पाइडुओ* को "आज्ञा" के रूप में प्रस्तुत करता है। [77]हेन्ड्रिक्सन 275 से लिया गया है। [78]1 तीमुथियुस 6:11 में *प्राउतेस* का अनुवाद "नम्रता" के रूप में किया गया है, और तीतुस 3:2 "सब मनुष्यों के साथ बड़ी नम्रता के साथ रहें" वाक्यांश का उपयोग करता है। [79]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 401. [80]गैरी डब्ल्यू. डेमरेस्ट, *1, 2 थिस्सलोनियन्स, 1, 2 तिमोथी, टाइटस*, द कम्युनिकेटर्स कॉमेन्टरी, वॉल्यूम 9 (वाको, टेक्सस: वर्ड बुक्स, 1984), 270.

[81]क्रिया "मन फिराव" इन पत्रियों में नहीं पाया जाता है। [82]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 525; बाऊर, 640. [83]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 515. [84]"फँस जाना" का अनुवाद παγίς *(पागीस)* से किया गया है, जैसा कि यह 1 तीमुथियुस 3:7 और 6:9 में है। [85]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 88. [86]बाऊर, 429-30. [87]डॉन डेवेल्ट, *पॉल्स लेटर्स टू तिमोथी एण्ड टाइटस*, बाइबल स्टडी टेक्स्टबुक (जोप्लिन, मिसौरी: कॉलेज प्रेस, 1961), 232. [88]यदि आप कक्षा में औजारों के सही उपयोग पर चर्चा कर रहे हैं, तो आप एक विज़ुअल सहायता का उपयोग कर सकते हैं। जैसा कि आप किसी औजार के *गलत तरीके से* उपयोग करने के बारे में बात करते हैं, उदाहरण के लिये, आप किसी हथौड़े को गलत सिरे से पकड़ते हैं। [89]जब हम अध्ययन करते हैं तो वचन के प्रति सही दृष्टिकोण रखना महत्वपूर्ण है (देखें 3:16)। [90]बार्कले, 180.